दिनांक 27.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान में मंत्री रमशीला साहू एवं कलेक्टर उमेश अग्रवाल पुरैना शिविर में पुहंचे

भिलाईनगर/लोक सुराज अभियान जोन 04 शिवाजी नगर में वार्ड 39 के निवासियों के लिए मंगल भवन प्रांगण में शिविर आयोजित था जिसमें मंत्री रमशीला साहू, कलेक्टर उमेश अग्रवाल, आयुक्त के0एल0 चौहान पहुंचकर हितग्राहियों के समस्याओं का समाधान करते हुए उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियो को निर्देशित किये कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिये पात्र हितग्राही कोई भी वंचित न रहे। स्थानीय निवासियों के मांग को देखते हुए मंत्री रमशीला साहू द्वारा डामरीकरण हेतु भूमिपूजन किया गया। शिविर के दौरान हितग्राहियों को 10 उज्जवला गैस कनेक्शन, 03 नवीन राशन कार्ड, 06 मजदुर कार्ड, 03 वृद्धा पेंशन योजना, के साथ 03 युवाओं को नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में सुबह से ही आम जनता की उपस्थिति थी अपने–अपने कार्य को लेकर सभी सचेत थे 26 लोंगो का आधार कार्ड बनाया गया जिसमें ज्यादातर छोटे बच्चें एवं बुजुर्ग थे। शासन द्वारा मजदुर कार्ड, श्रमिक कार्ड, प्राप्त हितग्राहियों के लिए विशेष बीमा योजना चलाई जा रही है बीमित मजदुरो के लिए निःशुल्क 2.50 लाख रुपये का बीमा किया जा रहा है भिलाई श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण लोक सुराज अभियान में अभी तक सभी शिविरों में कुल 1062 लोगों का बीमा हेतु पंजीयन किया गया।

अगला शिविर 28 मार्च को जोन 06 रिसाली अंतर्गत जोन कार्यालय जोन 06 रिसाली वार्ड 60, 61 एवं जोन 05 के शासकीय प्राथमिक शाला सेक्टर–07, सड़क 05 वार्ड 65 में वार्ड 64,65,66 व 68 के नागरिकों के लिए आयोजित किया जायेगा।

जनसम्पर्क विभाग